भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2114
उत्तर देने की तारीख 07.08.2025

कला संस्कृति विकास योजना

2114. **श्री मदन राठौड़ :**
श्रीमती ममता मोहंता :
श्री मिथलेश कुमार :
श्रीमती संगीता यादव :
श्री रायगा कृष्णैया :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वित्तीय वर्षों में प्रत्येक वर्ष कला संस्कृति विकास (केएसवीवाई) योजना के तहत वितरित कुल राशि कितनी है, जिसमें ओडिशा राज्य के लिए समर्थित योजनाओं और परियोजनाओं की वार्षिक संख्या भी शामिल है;
(ख) केएसवीवाई के तहत वर्तमान में कितनी उप-योजनाएं चालू हैं और इन उप-योजनाओं के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और
(ग) विशिष्ट केएसवीवाई घटक के तहत वर्तमान चक्र में स्वैच्छिक बौद्ध और तिब्बती संगठनों को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): कला संस्कृति विकास योजना (केएसवीवाई) एक समावेशी स्कीम है जिसमें 8 स्कीम घटक हैं जिनके अंतर्गत ओडिशा राज्य सहित मंच कला क्षेत्र में पूरे देश में कार्यरत पात्र सांस्कृतिक संगठनों/व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। विगत पांच वित्तीय वर्षों में केएसवीवाई के अंतर्गत संवितरित कुल राशि निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष	**संवितरित राशि (करोड़ रुपए में)**
2020-21	122.40
2021-22	156.46
2022-23	213.76

2023-24	218.36
2024-25	201.67

इसके अतिरिक्त, विगत पांच वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य में केएसवीवाई के अंतर्गत विभिन्न स्कीम घटकों/उप स्कीमों के लिए सहायता प्राप्त संगठनों/व्यक्तियों की संख्या और संवितरित राशि **अनुलग्नक** पर दी गई है।

(ख): केएसवीवाई के अंतर्गत वर्तमान में संचालित 8 स्कीम घटकों के लिए आवंटित निधियां निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	**स्कीम का नाम**	**आवंटित निधि (लाख रु. में)**
1	गुरु-शिष्य परंपरा के संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता (रेपर्टरी अनुदान)	7285
2	कला और संस्कृति के संवर्धन हेतु वित्तीय सहायता की स्कीम	7177
3	कला और संस्कृति के संवर्धन हेतु छात्रवृत्ति एवं अध्येतावृत्ति की स्कीम	1646
4	वयोवृद्ध कलाकारों हेतु वित्तीय सहायता	2603
5	सेवा भोज योजना	150
6	टैगोर सांस्कृतिक परिसरों (टीसीसी) के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता	693
7	राष्ट्रीय गांधी विरासत स्थल मिशन	139
8	राष्ट्रीय पुरस्कार योजना	160
	कुल (केएसवीवाई)	**19853**

(ग): केएसवीवाई के वर्तमान चक्र अर्थात वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक के दौरान, केएसवीवाई के अंतर्गत उप-घटक 'बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और कला के विकास हेतु वित्तीय सहायता' की स्कीम के अंतर्गत 1735 स्वयंसेवी संगठनों को 93.81 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

*****

अनुलग्नक

'कला संस्कृति विकास योजना' के संबंध में दिनांक 07 अगस्त, 2025 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2114 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

ओडिशा राज्य में केएसवीवाई के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या और संवितरित राशि

स्कीम का नाम	2020-21		2021-22		2022-23		2023-24		2024-25	
	लाभार्थियों की सं.	राशि (लाख रु. में)	लाभार्थियों की सं.	राशि (लाख रु. में)	लाभार्थियों की सं.	राशि (लाख रु. में)	लाभार्थियों की सं.	राशि (लाख रु. में)	लाभार्थियों की सं.	राशि (लाख रु. में)
गुरु-शिष्य परंपरा के संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता (रेपर्टरी अनुदान)	22	107.08	27	152.16	55	289.2	115	515.29	67	343.87
राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक संगठनों को वितीय सहायता	-	-	-	-	-	-	1	8.75	2	37.5
सांस्कृतिक समारोह एवं निर्माण अनुदान	131	173.81	149	182.9	180	296.8	168	269.7	151	437.2
बौद्ध/तिब्बती संस्कृति और कला के विकास हेतु वित्तीय सहायता	0	0	0	0	1	5	2	12	2	11
स्टूडियो थियेटर सहित भवन निर्माण अनुदान हेतु वित्तीय सहायता	4	12.73	1	4	-	-	-	-	2	21
संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों के लिए अध्येतावृत्ति प्रदान करने की स्कीम	91	85.20	108	171.4	89	129.6	90	93.6	83	105.6
विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्ति स्कीम	72	21.60	75	22.5	25	7.5	97	29.1	71	21.6
वयोवृद्ध कलाकारों हेतु वित्तीय सहायता	355	119.46	828	276.95	966	306.77	1460	1063.4	1955	1106.5

*****